QP CODE: 19101521

19101521

Reg No : ....................

Name : ....................

# B.A/B.Sc DEGREE (CBCS) EXAMINATION , MAY 2019

## Fourth Semester

## Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

2017 ADMISSION ONWARDS

69EBB977

**Maximum Marks: 80** **Time: 3 Hours**

## Part A

किन्ही **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कोणार्क किसकी रचना है? किस शैली का नाटक है?
2. उत्कल-नरेश कौन हैं? उनके रहस्याधिकारी का नाम क्या है?
3. हर दिन महामात्य के बारे में कौनसी आशंकाजनक खबरें आती हैं?
4. महादण्डपाशिक कौन है? उन्होंने शिल्पियों को कौन-सी आज्ञा दी थी?
5. विशु का पुत्र कौन है? उन्होंने अपने पुत्र को कैसे पहचाना?
6. विशु की परेशानी क्या थी? उनकी परेशानी किसने दूर की?
7. निर्मला पुतुल के दो काव्यसंकलनों के नाम लिखिए।
8. 'मत ब्याहना उस देश में' यहाँ पुत्री अपने पिता से किस प्रकार के देश की बात करती है?
9. कवि ने शहंशाह की नींद को तोड़ने का कौनसा उपाय बताया है?
10. अग्निशेखर की कविताओं का मुख्य प्रतिपाद्य विषय क्या है ? वे भारत के कौनसी इलाके का प्रतिनिधान करते हैं?
11. अंतिम पंक्ति' किसकी रचना है ?उनकी कौनसी रचना पाठ्य सामग्री में संग्रहित है ?
12. रात जब निकाल चुकी होती, आधी चाय पीते हुए पिता सुनते किस्सों बहनों की ससुराल के'-यह किस कविता का भाग है? उसका लेखक कौन है ?

(10×2=20)

## Part B

किन्ही **छ:** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

13. 'आशा? .....जंगलों में भटकनेवाली निराश्रिता अविवाहिता माँ और उसके बच्चे से मिलने की आशा? ....मुझे प्रायश्चित करना होगा" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?
14. 'पत्थर। यहाँ निकट से देखने पर तो प्रतीत होता है, मानो तुमने किसी जौहरी के गढे अलंकारों को पाषाण बना दिया हो। और दूर से इस विमान और जगमोहन के शिखर हिमाचल की चोटियों की स्पर्धा करते जान पड़ते हैं...।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?
15. 'वह सुनिए, मृत्यु की फैलती छाया में अत्याचारी से जूझनेवाले वीरों की पुकार सुनिए! क्या मैं उसे अनसुनी कर दूँ? उन्हें मेरी ज़रूरत है। शीतल होती हुई यज्ञ की अग्नि में एक बार फिर से आहुति की आवश्यकता है, शायद वह अंतिम आहुति हो।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. सप्रसंग व्याख्या करे। "उत्कल-नरेश की आज्ञा? महाराज मेरी बरसों की सेवाओं पर इतना भीषण कुठाराघात करेंगे?"

17. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "किन्तु.... किन्तु यह तो पत्थर पर अंकित है। ....यह कैसी मरीचिका। .....वही, ठीक वैसा ही अंकन, वही बिल्कुल वही, कामदेव की आकृति।"

18. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। और उसके हाथ में मत देना मेरा हाथ /जिसके हाथों ने कभी कोई पेड़ नहीं लगाया /फसलें नहीं उगाई जिन हाथों ने

19. शहंशाह ने सोने से पहले क्या निर्देश दिया था?

20. हमारी बसें फंसी पड़ी थी सुरंग में और अब उनका धुआँ भी शामिल था अंधेरे में-सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

21. ढाबा' कविता युवावस्था की तरफ बढ़ती उन लड़कियों की दुरवस्था का वर्णन करती है-स्पष्ट कीजिए?

(6×5=30)

## Part C

किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

22. कोणार्क मंदिर के निर्माण की ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालिए।

23. विशु और धर्मपद के चरित्रों के तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करे।

24. उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में आदिवासी युवती की अपने वर सम्बन्धी दृष्टिकोण क्या-क्या हैं?

25. 'शहंशाह की नींद' नामक वैश्विक विमर्श की कविता भारतीय परिप्रेक्ष्य में साम्राज्यवादी प्रस्तुतीकरण के लिए कहाँ तक सफल सिद्ध होती है?

(2×15=30)